## कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर।
## विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्रांक सं0–956/एस0एल0एस0ए0/37ए–2010 दिनांकित अप्रैल 19, 2018 के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण (चपरासी 02 पद, चौकीदार 01 पद व सफाई कर्मी 01 पद) कुल 04 पदों पर नियत मासिक मानदेय कमशः 7,000/–, 5,000/– व 2,000/– रुपये पर अस्थायी रूप से दिनांक 28/02/2019 तक के लिये नियुक्ति के जरिये आउट सोर्सिंग की जानी है। तद् हेतु पंजीकृत सेवा प्रदाताओं से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन "अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर, सिविल कोर्ट कैंपस, बिजनौर उ0प्र0 पिन–246701" को संबोधित सील बंद लिफाफे में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर में दिनांक 25/01/2019 तक स्वीकार किये जायेंगे। उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवश्यक योग्यता नियम व शर्तें, जनपद न्यायालय बिजनौर की बेवसाइट https://districts.ecourts.gov.in/Bijnor से डाउन लोड की जा सकता है।

दिनांकः– 09/01/2019

(अल्ला रक्खे खान)
अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश
बिजनौर।

## नियम व शर्ते

1. उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्रांक संख्या–956/एसएलएसए/37ए–2010 दिनांकित अप्रैल 19, 2018 के अनुपालन में सेवा प्रदाता द्वारा उपलब्ध कराये गये चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण (चपरासी 02 पद, चौकीदार 01 पद व सफाई कर्मी 01 पद) कुल 04 पदों की नियत मासिक मानदेय कमशः 7,000/–, 5,000/– व 2,000/– रुपये पर अस्थायी रूप से दिनांक 28/02/2019 तक के लिये नियुक्ति की जायेगी। नियुक्त कर्मचारीगण के मानदेय का भुगतान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर द्वारा सेवा प्रदाता के बैंक खाते में ई–पेमेंट/चेक के माध्यम से किया जायेगा तथा संबंधित कर्मचारीगण उक्त सेवा प्रदाता से अपने मानदेय का भुगतान प्राप्त कर सकेंगे। संबंधित कर्मचारीगण एवं प्राधिकरण के मध्य इस संबंध में कोई संव्यवहार अथवा पत्राचार नहीं हो सकेगा।

उपरोक्त अस्थायी पदों पर नियुक्ति हेतु निम्नलिखित न्यूनतम योग्यता होगीः–

| कम संख्या | पद का नाम | योग्यता |
|---|---|---|
| 1. | चपरासी | कक्षा आठवीं (चार पहिया वाहन चालक को वरीयता) |
| 2. | चौकीदार | कक्षा पांच |
| 3. | सफाईकर्मी | शिक्षित |

उपरोक्त के अतिरिक्त अच्छे आचरण एवं चलन वाला, आज्ञाकारी व विनम्र स्वभाव होना अनिवार्य है।

2. सेवा प्रदाता द्वारा उपलब्ध कराये गये कर्मचारी पर आपराधिक इतिहास व अनैतिक आचरण का कोई आरोप नहीं होना चाहिए।
3. सेवा प्रदाता द्वारा उपलब्ध कराया गया कर्मचारी जनपद बिजनौर का मूल निवासी होना चाहिए।
4. आवेदन निःशुल्क है।
5. आवेदन पत्र "अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर, सिविल कोर्ट कैंपस, बिजनौर उ0प्र0 पिन–246701" को संबोधित सील बंद लिफाफे में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय मे व्यक्तिगत अथवा पंजीकृत डाक द्वारा दिनांक 25/01/2019 को सांय 04:00 बजे तक जमा किये जा सकेंगे।
6. सेवा प्रदाता स्वयं के व्यय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय बिजनौर से 100/–रुपये के स्टाम्प पेपर पर उपरोक्त आशय का एक अनुबंध निष्पादित करेगा, जिसमें नियुक्त व्यक्ति का आज्ञाकारी, विनम्र व विहित योग्यताधारक होने की जिम्मेदारी भी सेवा प्रदाता को लेनी होगी।
7. नियुक्त कर्मचारी की सेवा संतोषजनक न पाये जाने पर किसी भी स्तर पर उसकी सेवा समाप्त कर दी जायेगी।

दिनांकः– 09/01/2019

(अल्ला रक्खे खान)
अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
बिजनौर।

## कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर।

### विज्ञप्ति

पत्रांकः– 197(III) दिनांकः– 10-1-19

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्रांक 1916/एस.एल.एस.ए.–37ए/2010 दिनांकित 14.08.2018 सहपठित पत्रांक 965/एस.एल.एस.ए./37ए–2010 दिनांकित अप्रैल 19, 2018 एवं शासनादेश संख्या 688/सात–न्याय–7–2012–11/2011 दिनांकित 03.09.2012 व सपठित शासनादेश संख्या–64/सात –व्यय–7–18–11/2011 दिनांकित 22.03.2018 द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर में तृतीय श्रेणी कर्मचारी (कनिष्ठ लिपिक) हेतु दो (02) अस्थायी पदों का सृजन दिनांक 28.02.2019 तक के लिए किया गया है, जिस पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र दिनांक 25/01/2019 तक आमंत्रित किये जा रहे हैं:–

| पद का नाम | पदों की संख्या | आयु निर्धारण | अनिवार्य योग्यता | मसिक पारिश्रामिक की धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| तृतीय श्रेणी कर्मचारी (कनिष्ठ लिपिक) संविदा के आधार पर | दो (02) | दिनांक 01.01.2019 को 18 वर्ष से 40 वर्ष के मध्य | 1. इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. डी.ओ.ई.सी.सी. सोसाइटी ( DOECC SOCIETY ) द्वारा प्रदत्त CCC प्रमाण पत्र।<br>3. हिन्दी/अंग्रेजी में 25/30 शब्द प्रति मिनट कम्प्यूटर पर टाईप करने की योग्यता हो। | रूपये 9,000/–(नौ हजार रुपये प्रतिमाह) |

**आवश्यक निर्देशः–**

1. अभ्यर्थी भारत का नागरिक होना चाहिए।
2. अभ्यर्थी का एक से अधिक जीवित पति/पत्नि नहीं होना चाहिए।
3. अभ्यर्थी को किसी परीक्षा में बैठने से नियुक्ति प्राधिकारी/आयोग/न्यायालय द्वारा डिबार न किया गया हो।
4. अभ्यर्थी को न्यायालय द्वारा किसी आपराधिक मामले में दण्डित न किया गया हो।
5. हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में कम्प्यूटर पर टाईपिंग और आशुलेखन का ज्ञान रखने वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी।
6. उक्त पदों पर चयन हेतु पात्र अभ्यर्थियों की टाईपिंग परीक्षा दिनांक 02/02/2019 को जनपद न्यायालय, बिजनौर में प्रातः 10:30 पर आयोजित की जायेगी। अभ्यर्थी सम्यक प्रपत्रों के साथ प्रातः 09:30 बजे उक्त स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। विलम्ब से उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा भवन में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
7. अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल पर आने–जाने हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।
8. आवदेन पत्र "अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर, सिविल कोर्ट कैंपस, बिजनौर, उ0प्र0 पिन–246701" को संबोधित सील बंद लिफाफे में समस्त वांछित शैक्षिक, पहचान, निवास व चरित्र प्रमाण पत्र संबंधित प्रपत्रों की स्व–हस्ताक्षरित छायाप्रतियों तथा दो स्व–हस्ताक्षरित फोटो सहित दिनांक 25/01/2019 को सायंकाल पांच बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर के कार्यालय में जमा कराये जा सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक से प्रेषित किया जा सकता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त होने वाले अथवा गलत पते पर प्रेषित आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।
9. अभ्यर्थियों का चयन शैक्षिक गुणवत्ता, टंकण परीक्षा के आधार पर किया जावेगा।
10. अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ एक स्वपतायुक्त लिफाफा पंजीकृत डाक हेतु निर्धारित डाक टिकट लगाकर प्रस्तुत करें।
11. अपूर्ण एवं अहस्ताक्षरित आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जावेंगे।
12. नियत पारिश्रामिक पर मंहगाई भत्ता या अन्य कोई भत्ते आदि देय नहीं होंगे।
13. चयन के संबंध में अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
14. अभ्यर्थी द्वारा दी गयी सूचना चयन के किसी भी स्तर पर मिथ्या पाये जाने पर उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जावेगा।
15. चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति संविदा के आधार पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दिनांक 28.02.2019 तक की अवधि के लिये होगी। कार्यकाल की अवधि सम्यक शासनादेशो के अधीन बढाई जा सकती है।
16. आवेदन का प्रारूप कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर के नोटिस बोर्ड से किसी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक के मध्य प्राप्त किया जा सकता है अथवा माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की आधिकारिक बेवसाइट https://www.allahabadhighcourt.in तथा जनपद न्यायालय, बिजनौर की बेवसाइट https://districts.ecourts.gov.in/Bijnor से डाउनलोड किया जा सकता है।

दिनांकः–09/01/2019

9/1/19

(अल्ला रक्खे खान)
अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश
बिजनौर।

संलग्नकः– आवेदन का प्रारूप।

P.T.O.

कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर में तृतीय श्रेणी कर्मचारी (कनिष्ठ लिपिक) के पद पर संविदा के आधार पर दिनांक 28.02.2019 तक अस्थायी नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

स्वप्रमाणित नवीन फोटो

1. पद जिसके लिये अभ्यर्थन किया गया है ..............................................

2. अ– अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में) ..............................................

ब– अभ्यर्थी का नाम (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) ..............................................

3. अभ्यर्थी के पिता का नाम ..............................................

4. अभ्यर्थी की जन्मतिथि ..............................................

5. दिनांक 01.01.2018 को अभ्यर्थी की आयु वर्ष............माह..........दिन.........

6. अभ्यर्थी का लिंग (पुरुष/महिला) ..............................................

7. अभ्यर्थी की जाति

(सामान्य/अ0पि0व0/अनु0जाति/अनु0जनजाति)..............................................

8. अभ्यर्थी के पत्र व्यवहार का पता

मोबाईल नम्बर व ई–मेल आई.डी. के साथ ..............................................

9. अभ्यर्थी का स्थायी पता ..............................................

10. अभ्यर्थी की राष्ट्रीयताः ..............................................

11. शैक्षिक योग्यता (स्व प्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न करें)

| क्रम संख्या | परीक्षा | बोर्ड/विश्वविद्यालय | वर्ष | श्रेणी/प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | | | | |
| 4. | | | | |
| 5. | | | | |

12. टंकण गति (कम्प्यूटर पर) हिन्दी .......................... शब्द प्रति मिनट

अंग्रजी .......................... शब्द प्रति मिनट

13. विशेष अर्हता/कार्य अनुभवः ..............................................

14. यदि अभ्यर्थी को किसी न्यायालय द्वारा आपराधिक मामले में दण्डित किया गया हो या उसके विरूद्ध कोई आपराधिक मामला विचाराधीन हो तो उसका विवरण

..............................................

15. यदि अभ्यर्थी को किसी नियुक्ति प्राधिकारी/आयोग/न्यायालय द्वारा परीक्षा में बैठने से डिबार किया गया हो तो उसका विवरण

..............................................

दिनांकः ..............................

स्थानः ..............................

अभ्यर्थी के पूर्ण हस्ताक्षर

## उदघोषणा

मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि उपरोक्त सभी सूचनायें मेरे निजी ज्ञान से सही व सत्य हैं। यदि किसी भी समय उक्त सूचनायें गलत या झूठी पायी गयीं तो उसकी पूर्णरूपेण जिम्मेदारी मेरी स्वयं होगी/होगा एवं इस आधार पर मेरा अभ्यर्थन/चयन निरस्त किये जाने पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। मैंने आवेदन संबंधी सभी नियम व शर्तों का अवलोकन कर लिया है तथा वे सभी मुझे स्वीकार हैं।

दिनांकः–....................

स्थानः–......................

अभ्यर्थी के पूर्ण हस्ताक्षर

संलग्नकः–